*The question was put and the motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): I shall now put the motion regarding consideration of Appropriation (No. 6) Bill, 2006 to vote. The question is:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2006-07, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clauses 2 and 3 and the Schedule were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, I move:

*"That the Bill be returned."*

*The question was put and the motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): We will now take up the Administrative Tribunals (Second Amendment) Bill, 2006.

---

## THE ADMINISTRATIVE TRIBUNALS (SECOND AMENDMENT) BILL, 2006

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHOURI): Sir, I beg to move:

"That the Administrative Tribunals (Second Amendment) Bill, 2006 be taken into consideration."

Sir, in pursuance of article 323A of the Constitution, the Parliament has enacted the Administrative Tribunal Act, 1985. This Act provided for setting up of Administrative Tribunal for adjudication or trial of disputes relating to service matters of civilian employees of Union Government,

State Governments or any local or other authority. The Central Administrative Tribunal was accordingly set up by the Union of India on 28th September, 1985 to adjudicate service disputes of Central Government employees and other notified corporations or bodies under the Central Government.

The Administrative Tribunals have been providing speedier justice to civilian employees and have, by and large, met the expectations with which they were set up. During the period from 1.11.1985 to 31.10.2006, 4,82,579 cases were instituted in the Central Administrative Tribunal and 4,58,059 cases disposed of. However, the need to elevate the standards of the Administrative Tribunals, by attracting more competent and qualified persons, has been felt since the Administrative Tribunals Act, 1985 came into effect. There have been comments by the judiciary regarding the quality of judgements/orders delivered by the Administrative Tribunals.

The Administrative Tribunal Act, 1985 had prescribed the age of retirement for Members as 62 years, at a time when the age of retirement of Government employees was 58 years. Accordingly, when retired Government employees were appointed as Members, they normally had a tenure of about four years. Sir, the age of retirement of Government employees has since been enhanced to 60 years and retired Government servants on appointment as Members have now a tenure of barely two years. Thus, the appointment as Member for retired senior Government servants has ceased to be attractive enough.

At present, members appointed for a term of 5 years, are eligible for another term of 5 years, but they are required to go through the entire selection process all over again before re-appointment is considered. The uncertainty in this regard has also been a disincentive in the matter of these appointments. Provision for an extendable term of five years would end this uncertainty and attract younger persons of merit to the Tribunals. In fact, the hon. Supreme Court in the case *of Sampat Kumar vs. Union of India* had expressed concern on this issue and had suggested that when amendments to the Act were undertaken, this aspect of the matter deserved to be considered so that there could be a wider choice for proper selection

The present Bill basically addresses the concern to make appointments in Central Administrative Tribunal more attractive so that brighter and more suitable persons are attracted to the Central Administrative

Tribunal. With this aim in view, the Bill proposes to improve the service conditions of Members by raising their age of retirement from existing 62 years to 65 years and equates their other service conditions with that of a judge of the High Court. Further, the Bill makes provision for extension of tenure of Members for one more term of five years subject to the age limit of 65 years.

For the efficient functioning of the Tribunals, it is also necessary that the Chairman of the Tribunals should have a stable tenure of five years. At present, the Chairman is appointed from retired judges of the High Court and, therefore, their tenure is short. The amendments proposed in the Bill seek to achieve the objective of appointing the more deserving persons as Members and to provide stability of tenure at the level of Chairman.

The amendments are proposed to be given prospective effect as raising the retirement age to all the existing Members on an *in situ* basis would defeat the very purpose of the amendments which is to attract persons of higher qualifications and merit. However, the service conditions of the existing Chairman and Members shall be protected till the expiry of their present term or the attainment of the ceiling age, as the case may be, after their present term, they could compete with others and be selected on merit for a fresh appointment under the amended provisions of the Act.

Sir, I am confident that the Bill on enactment will pave the way for appointment of brighter and more suitable persons as Members of the Tribunals and will contribute to more effective functioning of the Tribunals.

With these words, Sir, I commend the Bill for the consideration of the House. Thank you.

The question was proposed.

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रशासनिक अधिकरण (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2006 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, वर्ष 1998 में सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति की आयु को बढ़ाकर 60 वर्ष किया गया था, अब उस को आगे की सोची जा रही है। मैं इस विषय में मंत्री महोदय से कुछ सवाल पूछना चाहूंगा।

महोदय, ऐसे ही बहुत सारे ट्रिब्युनल्स हैं या रेगुलेटरी अथॉरिटीज हैं, जहां चैयरमैन या प्रेसीडेंट नियुक्त होते हैं या मेंबर्स नियुक्त होते हैं। उन की रिटायरमेंट एज क्या रखी गयी है? वहां पहले यह एज क्या थी, अब वर्तमान में क्या है और आज एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्युनल में जो आप करने जा रहे हैं, वहां

क्या है? महोदय, मैं जानना चाहूंगा कि इनकम टैक्स अपैलिट ट्रिब्युनल में क्या एज है, बोर्ड फॉर इंडस्ट्रियल एंड फायनेंसियल रिकंस्ट्रक्शन में क्या एज है, नेशनल कमीशन ऑन कंजूमर प्रोटेक्शन में क्या एज है, रेलवे क्लेम्स ट्रिब्युनल, नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन, नेशनल एनवायरनमेंट ट्रिब्युनल, टेलिकॉम डिस्प्युट्स सेटलमेंट एंड अपैलिट ट्रिब्युनल, अपैलिट ट्रिब्युनल फार एनर्जी कंजर्वेशन, कंपनी लॉ ट्रिब्युनल, कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया, प्रिवेन्शन ऑफ मनी-लाउंडरिंग अपैलिट ट्रिब्युनल, सेक्युरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ''सेबी'', नेशनल टैक्स ट्रिब्युनल और सेंट्रल इनफॉर्मेशन कमीशन के अध्यक्षों और सदस्यों की क्या सर्विस एज रखी गयी है, उन की रिटायरमेंट एज क्या रखी गयी है? महोदय, जब आप यह विधेयक लेकर सदन के सामने आए हैं तो आप ने इस पर भी जरूर विचार किया होगा कि कहीं आप जो नया अमेंडमेंट ला रहे हैं, कहीं ऐसा न हो कि इस अमेंडमेंट के बाद इन सारी ट्रिब्युनल्स के लिए भी अमेंडमेंट लाने की जरूरत पड़े? या तो आप एक ऐसा ही विधेयक ले आते कि जितने ट्रिब्युनल्स हैं, उन में एक युनिफार्म एज फिक्स्ट कर दी जाए और सभी के लिए एक ही कानून बना दिया जाए क्योंकि अगर कमी विरोधाभास होगा तो इस में दिक्कत हो सकती है।

महोदय, वैसे तो इन ट्रिब्युनल्स के काम ऐसे हैं जिस में वाकयी एक एक्सीपीरिएंस्ड प्रशासनिक अधिकारी की जरूरत पड़ती है जिसे उस विषय के बारे में पूरा ज्ञान हो, पूरी जानकारी हो और उस के ''प्रॉस एंड कांस'' को उस ने अच्छी तरह से देखा-परखा हो। महोदय, उस के लिए अपनी एज तक पहुंचना जरूरी समझा जाता है।

महोदय, मैंने एक चीज और देखी है, सेक्शन 5 में। For section 6 of the principal Act, the following section shall be substituted, namely, section 6(1) और section 6(2). Section 6(2) में एक तो Administrative Member है और एक Judicial Member है। अगर मैं पढ़ूं, तो पुराने एक्ट के section 6 (3) में, जहां मैम्बर्स के बारे में लिखा जाता था, ''A person shall not be qualified for appointment as a Judicial Member unless he is, or has been, or is qualified to be, a Judge of a High Court; or has been a Member of the Indian Legal Service and has held a post of Grade-I of that service for at least three years." परन्तु इस विधेयक में संशोधन करके जो नई चीज लाई गई है, "As a Judicial Member, unless he is or is qualified to be a Judge of a High Court or he has for atleast two years held the post of a Secretary to the Government of India in the Department of Legal Affairs or Legislative Department including Member-Secretary, Law Commission of India or held a post of Additional Secretary to the Government of India in the Department of Legal Affairs or Legislative Department at least for a period of five years." महोदय, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि वैसे तो Judicial Member की अपनी अभिज्ञता, experience होनी चाहिए, पर

पूर्व विधेयक में जो प्रावधान थे, उनमें कहीं कोई त्रुटि सरकार ने महसूस की कि इस qualification में अच्छे Judicial Member नहीं मिल पा रहे थे, ऐसी कुछ अड़चन आई है, तब जाकर ऐसा विचार हो रहा है या किसी कमेटी की, उच्च स्तरीय कमेटी की कोई recommendations हैं जिसके आधार पर यह संशोधन लाया जा रहा है, जिससे कि इस Tribunal के Judicial Member की जो कार्य-प्रणाली है, उसमें और योगदान हो सके तथा बढ़ाया जा सके। उसके क्या कारण हैं, सदन को बताने की कृपा करेंगे। महोदय, मैं जानना चाहूंगा, जैसा कि मैंने अपने पहले प्रश्न में कहा कि हमें दूसरे Tribunals के बारे में भी बताने की कृपा करें और बताएं कि क्या मंत्री महोदय वैसा कोई uniform Bill भी लाने की कोशिश करेंगे? मैं यही कहते हुए इस विधेयक का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Thank you. Now, Shri Shantaram Laxman Naik.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): Mr. Vice-Chairman, Sir, I stand here to support this Bill. Sir, the original Act was enacted in 1985, during the time of Shri Rajiv Gandhi. And I had the privilege of being a member of the Consultative Committee, headed by the then Prime Minister who used to attend each and every meeting of the Consultative Committee and used to take deep personal interest in the matter.

Now, this Bill seeks to enhance the age of the authorities under the Tribunal. Needless to say, age alone does not bring wisdom; even grey hair or even grey beard does not bring wisdom. But, nevertheless, law has to fix certain age... *(Interruptions)*...

Sir, the Administrative Tribunals Act was enacted specifically to give justice to the Government employees who have grievances as regards the service matters. Unfortunately, in our country, this concept has still not been well taken by the State Governments and several State Governments have not constituted Administrative Tribunals. The remedy would have been very well taken if all the State Governments had come forward. One hitch, I understand, is that apart from the Administrative Tribunal forum, forum under article 226 of the Constitution and forum under article 136 SLP in the Supreme Court, are still available. And, therefore, sometimes a thought is given that if, even after having the Administrative Tribunals, there are two more steps required to go ahead, why should it go to the Administrative Tribunal itself? In that respect, I would say, Sir, that we should think of doing away with, for the future, one stage, *i.e.* the stage of High Court,

and, if a decision is given by the Administrative Tribunal, and if a law provides that straightaway some remedy can be provided in the Supreme Court, then one tier, *i.e.* the middle tier, will go. But, again, I would submit that if a law is enacted to do away with the jurisdiction of the high court under article 226, perhaps, as the trend goes today, then the high court may not agree with it, and they may strike down the provision which does away with the jurisdicion of the High Court under article 226. But, in any case, Sir, this aspect has to be seen by the Government at a future date in case the Administrative Tribunals Act is to be enforced *in toto*.

Secondly, Sir, the question is: Why do matters concerning the Government servants go before the Administrative Tribunals or before the high court or the Supreme Court. One reason, very specific, is that our recruitment rules are not clear. Recruitment rules are very vague. Recruitment rules are made on Executive orders, rather than through legislation. Therefore, the vagueness and unclear aspects of recruitment rules lead to litigations. That is why more and more Government servants have to resort to this tool. If our recruitment rules are made very clear, very specific, then there will not be more litigations concerning Government servants, maybe, before the Administrative Tribunal or before the high court or the Supreme Court. Therefore, guidelines should be issued to all the State Governments to make the recruitment rules clear and transparent.

Thirdly, Sir, as far as character rolls are concerned, what is called 'CRs', there are no legislations in any State on the writing of CRs. Only the IAS Officers have got their own legislations. Others have got only Executive instructions. These Executive instructions create havoc as far as the future of Government servants is concerned. If somebody writes anything, in any language he uses in writing the character roll, which stalls the promotion of an able Government servant, a qualified Government servant, sometimes it affects his career. And, I will tell you, Sir, in matters of promotion, 'good' and 'very good' are the two things that matter. If, instead of 'good', 'very good is given, then 'good' becomes an adverse report. If a person who has got 'good' is denied promotion because the other man has got 'very good', then 'good' becomes adverse. Now, which Government intimates this 'good' adverse report to the Government Servant for giving an explanation? Only if it is 'bad', they will communicate. 'Good' is not communicated. They say, 'good' is no adverse. Therefore, these litigations arise. Again, I am submitting that if the load of Administrative Tribunals or if the load of

high courts, under article 226, or of the Supreme Court, is to be lessened, then there should be a legislation on character rolls (CRs), not circulars.

Thirdly, our Sixth Pay Commission has got a good term of reference. This time, they will decide not the pay scales and pensions alone, but will also give a report on making the Government Departments people-friendly. This is one of the important terms of reference of the Sixth Pay Commission. If these terms of reference are further bifurcated, and they are asked to give how to make Government Department people-friendly in various sectors, then the report, perhaps, would have been more useful for the Government. In any case, Sir, this term of reference of the Sixth Pay Commission has to be taken seriously, and its report has to be implemented with earnestness.

Lastly, I would say, Sir,—and this is my humble submission too—that our Lok Sabha and Rajya Sabha employees are not covered under this Tribunal Bill. I think, they cannot seek any remedy before the Tribunal if any service problems are there.

Why should we make this discrimination? Why don't we cover the Rajya Sabha and Lok Sabha employees also and make them entitled to approach the Adminsitrative Tribunals? Thank You.

**श्री सुरेश पचौरी:** आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं उन माननीय सदस्यों के प्रति, विशेष रूप से श्री अहलुवालिया जी और श्री नायक जी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने इस महत्वपूर्ण अमैंडमेंट बिल का समर्थन किया है।

इस बिल के संदर्भ में अपनी बात कहते हुए मैंने इस बात का उल्लेख किया था कि 1985 में जब एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ऐक्ट आया था, उस समय जो हमारे शासकीय कर्मचारी थे, उनकी सेवा-निवृत्ति की आयु 58 वर्ष थी और जब वह बढ़ा दी गई तो 60 वर्ष हो गई। उसके पश्चात् बारम्बार यह आवश्यकता महसूस की गई कि पहले जब टेन्योर 4 वर्ष का रहता था, उस समय जो भी ट्रिब्यूनल में और मैम्बर्स रहते थे और जब 58 वर्षों में कोई भी अधिकारी सेवा-निवृत्त होता था। लेकिन जब 60 वर्ष की आयु में कोई शासकीय अधिकारी सेवा-निवृत्त हो रहा है, ऐसे में यदि हम इसे सामान्य तौर पर कैल्कुलेट करें तो यह आयु 64 वर्ष होती है।

मान्यवर, अभी जो स्थिति है, उसमें एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल के जो चेयरमैन हैं, उनकी रिटायरमैंट आयु 65 वर्ष है, जबकि मैम्बर्स की आयु 62 है। इसलिए जब हमने दूसरे ट्रिब्यूनल के बारे में देखा, उस समय यह आवश्यकता महसूस की गई कि जो मैम्बर्स और उनके चेयरमैन हैं,

उनकी आयु में काफी फर्क है। कुछ ट्रिब्यूनल ऐसे हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चेयरमैन के रूप में एपॉइंट होते हैं, जिनकी सेवा-निवृत्ति की आयु स्वयं ही 65 वर्ष की है, ऐसे में अगर हम वहां पर 65 वर्ष का ही चेयरमैन लेंगे तो उसका कोई अभिप्राय नहीं रहता है। इसलिए ऐसे ट्रिब्यूनल, जिनमें आयु सीमा की पात्रता 65 वर्ष की सेवा-निवृत्ति की तो है, लेकिन यह अर्हता सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए है, इसलिए सामान्य तौर पर चेयरमैन की सेवा-निवृत्ति की आयु 70 वर्ष रखी गई है।

हमारे सहयोगी एवं साथी ने बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है और मुझे खुशी है कि उन्होंने इस तरफ ध्यान दिया है। कुछ ऐसे ट्रिब्यूनल हैं, जिनके चेयरमैन की रिटायरमेंट एज कहीं 68 वर्ष है और कहीं पर 70 वर्ष है, लेकिन जब हम यह देखते हैं कि उसमें कौन-कौन से लोग एपॉइंट किए जाते हैं, जैसे माननीय सदस्य ने नेशनल ह्यूमैन राइट्स कमीशन का जिक्र किया है, उसमें चेयरमैन की जो रिटायरमैंट आयु है, वह 70 वर्ष है। उसका कारण यह है कि उसमें चेयरमैन होने की जो पात्रता है वह सुप्रीम कोर्ट के जज या हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की है, लेकिन यहां पर जो CAT में चेयरमैन की पात्रता है, वह केवल हाई कोर्ट के जज की है।

दूसरा नेशनल एनवायरनमैंट ट्रिब्यूनल के चेयरमैन का जिक्र किया गया है, उसमें भी आयु सीमा 70 वर्ष है, लेकिन उसमें भी सुप्रीम कोर्ट के जज या हाई कोर्ट के जस्टिस का उल्लेख किया गया है। जो नेशनल टैक्स ट्रिब्यूनल है, उसमें भी सुप्रीम कोर्ट के जज अथवा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की पात्रता है, इसलिए हमें इसमें थोड़ा सा अंतर दिखता है, लेकिन जब हमने इन्हीं चीज़ों को देखा और अगर मैं सारे ट्रिब्यूनल का जिक्र करना चाहूं तो मैं सोचता हूं कि सभी माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि सैंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल के चेयरमैन की आयु बढ़ाने का जो हमने निर्णय लिया है, जब हम अन्य ट्रिब्यूनल्स के समकक्ष देखते हैं तो मैं समझता हूं कि यह निर्णय एक समयानुकूल और उचित निर्णय है जैसे टेलीकॉम रेगुलेटरी एथॉरिटी ऑफ इंडिया के जो चेयरमैन हैं, उनकी रिटायरमैंट आयु 70 वर्ष है और मैम्बर्स की 65 वर्ष है।

माननीय सदस्य ने कंज्यूमर प्रोटैक्शन एमेंडमेंट ऐक्ट के बारे में पूछा, उसमें जो चेयरमैन की आयु है, वह 70 वर्ष है लेकिन वहां पर मैम्बर्स की आयु भी 70 वर्ष ही है, उसका कारण भी मैंने बताया कि उसमें मैम्बर्स की पात्रता सुप्रीम कोर्ट के जज की रहती है। इसी तरह नैशनल एनवारनमैंट ट्रिब्यूनल ऐक्ट है, उसके चेयरमैन की आयु 70 वर्ष है और मैम्बर की आयु 62 वर्ष है। नेशनल टैक्स ट्रिब्यूनल के चेयरमैन की उम्र 68 वर्ष है, मेंबर्स की 65 वर्ष है। नेशनल ह्यूमेन राइट्स कमीशन का मैंने जिक्र किया। आपने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एपिलेट ट्रिब्यूनल के चेयरमैन के बारे में पूछा है उसकी उम्र 68 वर्ष है और मेंबर्स की 65 वर्ष है। सेबी का भी आपने पूछा है। उसके चेयरमैन की 68 वर्ष है और मेंबर्स की 62 वर्ष है। इसी प्रकार रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के चेयरमैन की रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष है और मेंबर्स की 62 वर्ष है। इसी प्रकार और भी हैं जैसे इन्कम टैक्स एपिलेट ट्रिब्यूनल है, उसके प्रेजीडेंट की उम्र 62 वर्ष है और मेंबर्स की भी यही है। तो यह जो पात्रता थी, उसमें

थोड़ा सा फर्क है। इस वजह से यह जो उम्र है, इसमें असमानता नजर आ रही है, जिसका मैंने उल्लेख किया है। इसलिए मैं यह प्रार्थना करना चाहूंगा कि जब हम यह देखते हैं कि अन्य ट्रिब्यूनल में चेयरपर्सन की उम्र क्या है, उसके मेंबर्स की क्या है, क्योंकि उसके चेयरपर्सन सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज कहीं पर हैं और यहां पर हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। इसलिए यह एक विसंगति हमें नजर आ रही है और मैं सोचता हूं कि इसको ठीक दृष्टि से हम लोग देखेंगे। और जब हम CAT के इस विधेयक का उद्देश्य देखेंगे, ऑब्जेक्ट्स एंड रीजंस देखेंगे, तो मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि जो सुप्रीम कोर्ट ने बीच-बीच में निर्णय लिए हैं और यह अपेक्षा व्यक्त ही है कि एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल की जो कार्य पद्धति है उसकी गुणवत्ता और कार्य पद्धति में भी सुधार आना चाहिए, उसी को दृष्टिगत रखते हुए इनके जो मेंबर्स रहते हैं, जो कुछ रेशो रहता है, एडमिनिस्ट्रेटिव साइड का रहता है और जुडिशियल साइड का रहता है, तो उनकी जो कार्य करने की पद्धति है, उनके काम करने का जो स्टैंडर्ड है, मापदंड है उसका स्तर बढ़े, इसको दृष्टिगत रखते हुए हम लोगों ने यह निर्णय लिया है। दूसरी बात यह है कि जुडिशियल मेंबर का क्वालिफिकेशन क्यों बढ़ाया जा रहा है? चूंकि जो मेंबर है उसका स्तर हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के बराबर किया जा रहा है, क्वालिफिकेशन भी हाई कोर्ट के जज के बराबर की जा रही है, इसलिए इस बात को मद्देनजर रखते हुए हम लोग कर रहे हैं। माननीय नायक जी ने सिक्स्थ पे कमीशन का जिक्र किया। निश्चित रूप से जब वैसी स्थिति आएगी तो उसमें भी हम लोग ध्यान रखेंगें लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि मेंबर्स की जो सर्विस कंडीशंस हैं, उनको बढ़ाने के नजरिए से उनको और फेसिलिटी मिले, उसको दृष्टिगत रखते हुए हम लोगों ने यह निर्णय लिया है और एडमिनिस्ट्रेटिव मेंबर्स का भी जो वर्किंग कंडीशन है, उसमें काफी कुछ सुधार हो, उसको दृष्टिगत रखते हुए हम लोगों ने यह निर्णय लिया है, जिसकी वजह से हमको यह बिल लाना पड़ रहा है। जहां तक वाइस चेयरमैन का प्रश्न है, वाइस चेयरमैन को डिलीट करने का कारण यह है कि सब मेंबर्स अब समकक्ष रहेंगे, क्योंकि उनकी जो क्वालिफिकेशन-अर्हता है वह भी समान है, उसमें डिस्टिंक्शन करना ठीक नहीं रहेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव डिसीजन से एडमिनिस्ट्रेटिव काम करने का जिनको दायित्व दिया जाएगा, उनको प्रतिमाह एक हजार रुपये के करीब इस काम के लिए दिया जाएगा, इस प्रकार के कार्य को करने के लिए। इसलिए मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि जो आज की आवश्यकता है और समय-समय पर हमको जो रिप्रजेंटेशन मिले हैं और सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ इसी प्रकार के संकेत दिए हैं कि जो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल हैं, उनकी कार्य पद्धति और गुणवत्ता को और ठीक किया जाए तो उन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए हम लोगों ने जो CAT के चेयरपर्सन हैं उनकी उम्र बढ़ाने का निर्णय लिया है तथा मेंबर्स को भी और ज्यादा फेसिलिटी देने का निर्णय लिया है। महोदय, इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूं कि आज की परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में ट्रिब्यूनल और अच्छे ढंग से काम करे, इस बात को ध्यान में रखते हुए हम यह अमेंडमेंट बिल यहा सदन के समक्ष लायें हैं। मेरी माननीय सदस्यों से प्रार्थना है कि इस बिल का समर्थन करते हुए इसे पास करें। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): The question is:

That the Adminsitrative Tribunal (Second Amendment) Bill, 2006 be taken into consideration.

*The motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Now we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clauses 2 to 4 were added to the Bill.*

CLAUSE 5

*Substitution of New Section for Section 6*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): In clause 5, there is one amendment (No. 2) by the hon. Minister.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I move:

(No. 2) That at page 2,line 24 *for* the words "shall be qualified" the words "shall not be qualified", be *substituted.*

*The question was put and the motion was adopted.*

*Clause 5, as amended, was added to the Bill.*

*Clause 6 was added to the Bill.*

CLAUSE 7

*Substitution of New Section for Section 8*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): In clause 7, there is one amendment (No. 3) by the hon. Minister.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I move:

(No. 3) That at page 3, line 29, *for* the words "One or more" the words "one more", be *substituted.*

*The question was put and the motion was adopted.*

*Clause 7, as amended, was added to the Bill.*

*Clauses 8 and 9 were added to the Bill.*

CLAUSE 10

*Insertion of New Section 10A*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): In clause 10, there is one amendment (No. 4) by the hon. Minister.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I move:

(No. 4) That at page 4, in clause 10, for the bracket and words "(Second Amendment)", wherever it occurs, the bracket an word "(Amendment)", be substituted.

*The question was put and the motion was adopted.*

*Clause 10, as amended, was added to the Bill.*

*Clauses 11 to 15 were added to the Bill.*

CLAUSE 1

*Short Title and Commencement*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA) : In clause 1, there is one amendment (No. 1) by the hon. Minister.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I move:

(No. 1) That at page 1, line 3 *for* the bracket and words "(Second Amendment)", the bracket and word "(Amendment)", be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted. Clause 1, as amended, was added to the Bill. The Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI SURESH PACHOURI: Sir, I move:

*"That the Bill, as amended, be passed."*

*The question was put and the motion was adopted.*